अनुक्रमांक ..........................  समय : 2.00 घण्टा

नाम ...................................  पूर्णांक : 50

# प्रश्न-पुस्तिका

## तृतीय सेमेस्टर – 2016

प्रथम प्रश्न-पत्र

## (शैक्षिक मूल्यांकन क्रियात्मक शोध)

**निर्देश :**

1. सभी प्रश्न अनिवार्य हैं। प्रत्येक प्रश्न के निर्धारित अंक प्रश्न के सम्मुख दिये गये हैं।
2. इस प्रश्न-पत्र में तीन प्रकार के प्रश्न हैं। वस्तुनिष्ठ प्रश्नों के सही विकल्प छाँटकर अपनी उत्तर पुस्तिका में लिखें। अति लघु उत्तरीय प्रश्नों के उत्तर लगभग तीस (30) शब्दों में, लघु उत्तरीय प्रश्नों के उत्तर लगभग पचास (50) शब्दों में लिखिए।

## वस्तुनिष्ठ प्रश्न

**1.** "मूल्यांकन वह प्रक्रिया है, जिसके द्वारा शिक्षक एवं छात्र यह निर्णय करते हैं कि शिक्षण लक्ष्यों को प्राप्त किया जा रहा है या नहीं।" यह परिभाषा है-

(1) ग्रीन की  (2) ली की
(3) क्रॉनबैक की  (4) क्विलिन तथा हन्ना की

**2.** मापन होता है-

(1) गुणात्मक  (2) मात्रात्मक
(3) तुलनात्मक  (4) उपरोक्त सभी

**3.** व्यक्तित्व के सभी पक्षों का मूल्यांकन किया जाता है-

(1) सतत् मूल्यांकन द्वारा  (2) दक्षता आधारित मूल्यांकन द्वारा
(3) व्यापक मूल्यांकन द्वारा  (4) इकाई मूल्यांकन द्वारा

**4.** ज्ञान, बोध व अनुप्रयोग का सम्बन्ध मूल्यांकन के किस पक्ष से है ?

(1) संज्ञानात्मक पक्ष  (2) भावात्मक पक्ष
(3) कौशलात्मक पक्ष  (4) नैतिक पक्ष

**5.** सत्र के अन्त में किया जाने वाला मूल्यांकन कहलाता है-

(1) सतत मूल्यांकन  (2) दक्षता आधारित मूल्यांकन
(3) वार्षिक मूल्यांकन  (4) उपर्युक्त में से कोई नहीं

**6.** प्रायोगिक मूल्यांकन होता है-

(1) विज्ञान, भूगोल तथा कृषि में  (2) हिन्दी तथा संस्कृत में
(3) इतिहास तथा नागरिक शास्त्र में  (4) दर्शनशास्त्र में

**7.** उत्तम परीक्षण की विशेषता नहीं है-

(1) वैधता
(2) विश्वसनीयता
(3) वस्तुनिष्ठा
(4) कठोरता

**8.** छात्रों के प्रारम्भिक ज्ञान का मूल्यांकन किया जाता है-

(1) आकलित मूल्यांकन में
(2) रचनात्मक मूल्यांकन में
(3) मौखिक मूल्यांकन में
(4) दक्षता मूल्यांकन में

**9.** छात्रों की रुचियों, संवेगों एवं मनोवृत्तियों से सम्बन्धित मूल्यांकन का पक्ष कहलाता है-

(1) संज्ञानात्मक पक्ष
(2) भावात्मक पक्ष
(3) कौशलात्मक पक्ष
(4) उपरोक्त में से कोई नहीं

**10.** ब्लू प्रिन्ट का सम्बन्ध है-

(1) क्रियात्मक शोध से
(2) नवाचार से
(3) प्रश्नपत्र निर्माण से
(4) उपचारात्मक शिक्षण से

**11.** छात्रों की त्रुटियों का ज्ञान होने पर उन्हें दूर करने के लिए किया जाने वाला शिक्षण कहलाता है-

(1) निदानात्मक शिक्षण
(2) नवाचारी शिक्षण
(3) उपचारात्मक शिक्षण
(4) कौशल आधारित शिक्षण

**12.** "बचाव निदान का उच्चतम स्तर है।" यह कथन है-

(1) टी. पी. नन का
(2) क्रॉनबैक का
(3) मरे का
(4) रॉस का

**13.** शैक्षिक क्षेत्र में क्रियात्मक अनुसंधान का प्रयोग किया था-

(1) स्टीफन एम. कोरे ने
(2) स्किनर ने
(3) रायबर्न ने
(4) वुडरो ने

**14.** कार्यक्षेत्र से सम्बन्धित समस्या के कारणों को जानने व समाधान हेतु किया जाने वाला शोध कहलाता है-

(1) मौलिक शोध
(2) क्रियात्मक शोध
(3) ऐतिहासिक शोध
(4) वैज्ञानिक शोध

**15.** शैक्षिक उद्देश्यों के अनुसार प्रश्नों के पक्ष होते हैं-

(1) 1
(2) 2
(3) 5
(4) 4

---

## अति लघु उत्तरीय प्रश्न

**16.** मूल्यांकन को परिभाषित कीजिए।

**17.** शैक्षिक मापन का क्या अर्थ है ?

**18.** परीक्षण से आप क्या समझते हैं ?

**19.** मूल्यांकन के दो प्रमुख पक्षों का उल्लेख कीजिए।

**20.** व्यापक मूल्यांकन की आवश्यकता क्यों है ?

**21.** मूल्यांकन के दो प्रमुख प्रकार बताइए।

**22.** अच्छे परीक्षण में यथार्थता (वैधता) का क्या अभिप्राय है ?

**23.** प्रश्न करने का प्रमुख उद्देश्य क्या है ?

**24.** अच्छे प्रश्नों की दो प्रमुख विशेषताएं बताइए।

**25.** शैक्षिक उद्देश्यों के अनुसार प्रश्नों के दो प्रमुख प्रकार बताइए।

**26.** क्रियात्मक शोध को परिभाषित कीजिए।

**27.** शिक्षा के क्षेत्र में क्रियात्मक शोध की क्या आवश्यकता है ?

**28.** क्रियात्मक शोध के दो प्रमुख उपकरणों का उल्लेख कीजिए।

**29.** क्रियात्मक शोध में परिकल्पना का क्या अर्थ है ?

**30.** शिक्षा में नवाचार से क्या अभिप्राय है ?

---

## लघु उत्तरीय प्रश्न

**31.** मूल्यांकन की अवधारणा को स्पष्ट कीजिए।

**32.** मूल्यांकन का क्या उद्देश्य है ?

**33.** मापन एवं मूल्यांकन में अन्तर स्पष्ट कीजिए।

**34.** मूल्यांकन के प्रमुख पक्ष कौन-कौन से हैं ?

**35.** सतत एवं व्यापक मूल्यांकन का क्या आशय है ?

**36.** उत्तम परीक्षण की प्रमुख विशेषताएं बताइए।

**37.** उपचारात्मक शिक्षण से आप क्या समझते हैं ?

**38.** क्रियात्मक शोध का अर्थ स्पष्ट करते हुए उसका महत्व बताइए।

**39.** क्रियात्मक शोध के चरणों का उल्लेख कीजिए।

**40.** शिक्षा में नवाचार की आवश्यकता क्यों है ?

UP D.EL.ED STUDY MATERIAL

**updeledstudy.in**

📝 Previous Year Papers | ✅ Solved Papers

📝 Notes & Study Material | 🎯 MCQ Practice Tests

**Free में पाएं सभी Study Material**